# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – II SESSION 2025 – 26**

**CLASS – VII**

**TIME : 1. 30 MIN.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:40**

**खंड – क (पठन)**

**(1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :–** (5)

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात से ही भारत की राजनीति के क्षेत्र में पतन का बहुमुखी रूप देखने को मिल रहा है। स्वतंत्रता की आकांक्षा में भारतीयों ने जो संपने संजोये थे, वे आज राजनीति के पैंतरेबाजों के काले कारनामों के कारण ध्वस्त हो रहे हैं। आज प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक स्तर का भारतवासी स्वयं को असंतुष्ट, क्षुब्ध और कुंठित अवस्था में पा रहा है, किंतु व्यवस्था के मकड़जाल में इतना फँसा हुआ है कि चाहकर भी कुछ कर पाने में असमर्थ है। उसकी हालत आज ऐसी हो गई है कि उसे साँपनाथ अथवा नागनाथ में से ही किसी एक को चुनना अनिवार्य हो गया है।

देश में राजनीतिज्ञों का एकमात्र लक्ष्य सत्ता प्राप्ति रह गया है क्योंकि किसी प्रकार एक बार सत्ता से जुड़ जाने के बाद वे विशिष्ट वर्ग में पहुँच जाते हैं, जहाँ अनेक प्रकार की सुविधाएँ और असीमित अधिकार उन्हें मुफ़्त में ही प्राप्त होने लगते हैं। सत्ता में एक बार भागीदारी प्राप्त कर लेने पर असीमित सुविधाओं की मुफ़्तखोरी का चस्का लग जाता है।

**(क) देश में राजनीतिज्ञों का एकमात्र लक्ष्य क्या रह गया है?**

**(ख) भारत की राजनीति के क्षेत्र में पतन का बहुमुखी रूप कब से देखने को मिल रहा है?**

**(ग) व्यवस्था के मकड़जाल में कौन फँसा हुआ है?**

**(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

**(ङ) 'स्वतंत्रता' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?**

**खंड – ख (लेखन)**

**(2)** आपका पेंसिल बॉक्स स्कूल में खो गया है। इसके लिए सूचना – पत्र तैयार कीजिए :– (5)

**अथवा**

दाँतो के ब्रश के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**खंड – ग (व्याकरण)**

**(3) निम्नलिखित शब्दों के उचित शब्दों पर (√) का निशान लगाओ :–** (2)

**(क)** (1) चिड़ियाये (2) चिड़ियाँ (3) चिड़िये

**(ख)** (1) कवीयत्री (2) कवित्री (3) कवयित्री

**(4) कोष्ठक में दिए गए शब्दों को बदलकर खाली जगह भरो :–** (2)

**(क)** माँ की गोद में ____________ का वास है। (मंम)

**(ख)** देशों के नाम ____________ होते है। (स्त्रीलिंग / पुल्लिंग)

**(5) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखो ।** (2)

**(क)** वह बालक सुंदर है।

**(ख)** अध्यक्ष मंच पर भाषण दे रहे है।

**(6) रेखांकित कारक चिह्नों के भेद लिखिए ।** (2)

**(क)** राम ने रावण को मारा ।

**(ख)** किताबें मेंज़ पर रखी है।

**(7) निम्नलिखित वाक्यों में (√) या (×) का निशान लगाओ :–** (3)

**(क)** मध्यम पुरूष का प्रयोग श्रोता के लिए होता है।

**(ख)** ''आप'' शब्द का प्रयोग सिर्फ पुरूषवाचक सर्वनाम में होता है।

**(ग)** सर्वनाम के छह भेद होते है ।

**(8) निम्नलिखित सर्वनाम से संबंधित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:–** (2)

**(क)** उसका नाम मेरे को मालूम नहीं।

**(ख)** तुम कौन से साथ खेलोगे ।

**(9) संज्ञा शब्दों के उचित भेद पर** (√) का निशान **लगाइए ।** (2)

**(क)** दूध – द्रव्यवाचक संज्ञा ( ) समूहवाचक संज्ञा ( )

**(ख)** नदी – जातिवाचक संज्ञा ( ) व्यक्तिवाचक संज्ञा ( )

## खंड – घ (पाठ्य पुस्तिका)

**(10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–** (3x1=3)

**(क)** संसार में हमें कौन सी तीन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए ?

**(ख)** बारिश आने पर मौसम कैसा हो जाता है ?

**(ग)** कबीरदास, गुरूनानक, सूरदास और मीराबाई में कौन निर्गुण है और कौन सगुण है ?

**(10) दिए गए प्रश्नों के उत्तर 20 – 30 शब्दों में लिखिए :–** (3x2=6)

**(क)** ईश्वर कहाँ – कहाँ ढूँढने पर भी नही मिलेंगे ?

**(ख)** ''बा'' कौन थी ? इस पत्र से उनके विषय में क्या जानकारी मिलती है ?

**(ग)** ''निराशा'' में भी रौनक मिलती है ।'' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

**(12) दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए ।** (3)

बारह वर्ष की आयु के बाद हमें किन – किन गुणों के विकास की ओर ध्यान देना चाहिए ?

**अथवा**

कृष्ण अपनी माता यशोधा से किसकी शिकायत कर रहे है ?

**(13) दिए गए प्रश्नों सही (√) या गलत (×) पर निशान लगाए :–** (1 .5x1.5=3)

**(क)** हिंदी और अंग्रेजी विषय बड़ी उम्र में सीखना कठिन है । ( )

**(ख)** अक्षर ज्ञान तो इसलिए होता है कि जो तुम्हें मिला है, उसे तुम दूसरो को दे सको । ( )